# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–09.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जामताड़ा में गांव–गांव पहुंच रहे कृषि वैज्ञानिक, किसानों को दी गई बीज उपचार, मिट्टी जांच और कीट प्रबंधन की जानकारी।।**
2. **कांग्रेस ने चाईबासा में जनजातीय प्रतिनिधियों से किया पेसा कानून पर विचार–विमर्श, प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा – आदिवासियों को मिलेंगे पूर्ण अधिकार, ग्राम सभा होगी सशक्त।**
3. **नागपुरी–कुडुख भाषा को शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल करने पर विरोध हुआ तेज, सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा – नियमावली में मगही–भोजपुरी की अनदेखी युवकों के साथ अन्याय है।**
4. **अनुसूचित जाति आयोग गठन की मांग हुई तेज, रांची में समिति ने राज्य सरकार से जल्द निर्णय लेने की अपील की।**
5. **राज्य के कई जिलों में भीषण गर्मी और हीट स्ट्रोक का खतरा, मौसम विभाग ने दोपहर बाद रांची समेत कुछ जिलों में हल्की बारिश और वज्रपात की जताई संभावना।**

************************

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जामताड़ा जिले में कृषि वैज्ञानिक गांव–गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद कर रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. सुप्रिया सिंह ने कुण्डहित प्रखंड में किसानों को बीज उपचार, मिट्टी जांच और कीट प्रबंधन की तकनीकी जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का किसानों के लिए प्रसारित संबोधन भी सुनाया गया। मौके पर किसानों ने वैज्ञानिकों द्वारा दी गई जानकारी को लाभकारी बताया।

************************

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू ने कहा कि पेसा कानून के जरिए आदिवासियों को पूर्ण अधिकार दिए जाएंगे। कल चाईबासा में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के साथ जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों से इस संबंध में राय–मशविरा किया। मौके पर के राजू ने कहा कि कांग्रेस ग्राम सभा को तीनों स्तर पर सशक्त करने और पारंपरिक अधिकार मजबूत करने के पक्ष में है।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पेसा कानून को ज़मीनी स्तर पर लागू कर आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी।

************************

डालटनगंज शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली में नागपुरी और कुडुख को शामिल किए जाने का विरोध शुरू हो गया है। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू, गढ़वा और लातेहार में मगही और भोजपुरी बोली जाती है, लेकिन इन्हें नियमावली में जगह नहीं दी गई।

************************

अनुसूचित जाति समन्वय समिति ने राज्य सरकार से जल्द अनुसूचित जाति आयोग के गठन की मांग की है। रांची में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में समन्वय समिति के सदस्य संतोष रजक ने कहा कि झारखंड में लगभग 50 लाख अनुसूचित जाति की आबादी है और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आयोग का गठन जरूरी है।

************************

रांची के कोयला व्यापारी मनीष धानुका की गोली लगने से मौत हो गई। उनका शव घर के एक कमरे से बरामद हुआ, जहां पास में ही लाइसेंसी हथियार मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और एफएसएल जांच के लिए हथियार जब्त किया गया है।

************************

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज हम पूर्वोत्तर भारत की विकास यात्रा के बारे में बता रहे हैं – एक ऐसा क्षेत्र जिसे कभी दूर–दराज के इलाके के रूप में देखा जाता था, अब यह सम्पर्क और प्रगति के प्रतीक के रूप में विकसित हो रहा है।

************************

कोडरमा जिले में बेसहारा बच्चों को सहारा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से साथी अभियान की शुरुआत की गई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**************************

राज्य के कई जिलों में आज भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है, जहां अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आज धनबाद, देवघर, बोकारो, सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा, पलामू, साहिबगंज और गोड्डा में हीट स्ट्रोक का खतरा बना रहेगा।

**************************

हॉकी में भारत की जूनियर महिला टीम ने कल रात बेल्जियम के एंटवर्प में बेल्जियम को 3–2 से हरा दिया। यह भारत का यूरोप दौरे का पहला मैच था। रोमांचक मुकाबले में गीता यादव, सोनम और लालथंतलुंगी ने गोल कर भारत की जीत सुनिश्चित की। दूसरी ओर बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स और लुईस वान हेके ने गोल किए।

**************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

- **दैनिक जागरण ने लिखा है कोयला कारोबारी मनीष ने खुद को मारी गोली ।**
- **प्रभात खबर की सुर्खी है– शराब घोटाला उजागर करने वाले दो आईएएस को गवाही का नोटिस ।**
- **हिंदुस्तान लिखता है जीएसआई झारखंड के साथ पड़ोसी राज्यों में खनिज का पता लगाएगा।**
- **दैनिक भास्कर ने लिखता है 2.75 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर से 2 लाख लोगों को राहत, 50 मिनट का सफर 5 मिनट में**
- **रांची एक्सप्रेस लिखता है झामुमो की बैठक संपन्न, दूसरे दलों को छोड़कर सैकड़ो लोगों ने थाना झामुमो का दामन**

********समाप्त****************